हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 11 जनवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13. 0 डिग्री

तसर पालन ने बदल दी जिंदगी, ग्राम सलोरा के किसान बने आत्मनिर्भर
2



## खबर संक्षेप

### आम आदमी की ब्लाक स्तरीय छग बचाओ यात्रा आज से

**जांजगीर-चांपा।** आम आदमी पार्टी की ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा रविवार 11 जनवरी से प्रारंभ होगी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल ने बताया कि पिछले 2 महीनों के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व प्रदेश के पदाधिकारियों व भीन्न भिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षो के साथ मैराथन बैठक लगातार हुई व प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से हम लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के माध्यम से हर जिले में विधानसभा वार ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति युद्ध स्तर पर कर पाए है। जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने बताया कि 11 जनवरी से प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर छत्तीसगढ़ बचाओ यात्र निकाली जा रही है। जिला महासचिव विनय गुप्ता ने बताया कि जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना एवं जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार के सामने रखना है। यात्रा को देखते हुए नियुक्तियों में बिल्कुल भी देरी नही की जा रही है हर दिन नियुक्तिया प्रदेश में लोकसभा, विधानसभा, जिला सहित ब्लॉक स्तर में नई नियुक्तियां तत्काल हो रही है।

### बिर्रा में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व चिकित्सा शिविर आज

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मकर संक्रांति मेला एवं भव्य गंगा महाआरती 14 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर माघ मेला एवं भव्य चित्रोतपला गंगा महा आरती कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में आचार्य पंडित कन्हैयालाल दुबे ने बताया कि बुधवार 14 जनवरी से मकर संक्रांति मेला का आयोजन रखा गया है। यह मकर संक्रांति माघ मेला महोत्सव लगातार 5 दिनों तक चलेगा। जिसका समापन 18 जनवरी दिन रविवार को होगा।

### सिवनी में कृष्ण नागलीला व मडई मेला कल

**जांजगीर-चांपा।** गौरव ग्राम सिवनी-नैला में संतोषी मंदिर के सामने श्रीकृष्ण नागलीला एवं मड़ाई मेला का आयोजन 12 जनवरी को रखा गया है। इस नागलीला उत्सव के दौरान झूला, होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानें लगेंगी। आयोजक समिति ने सभी लोगों को नागलीला व मड़ई मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

आनलाइन की व्यवस्था बंद, भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा

# धान बेचने अंतिम समय में टोकन कटवाना किसानों के लिए नहीं आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अब गिनती के ही दिन बचे है। वहीं शासन प्रशासन ने आनलाइन टोकन की व्यवस्था बंद कर दी है। साथ ही समिति मे टोकन कटवाने से पहले भी किसानों को भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना पडेगा। ऐसे में अब आने वाले दिनों में धान बेचने के लिए टोकन कटवाना किसानों के लिए आसान नहीं होगा।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। वहीं अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। जिले में धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। केन्द्रों में अब धान की भरपूर आवक हो रही है। अब तक 83 हजार 767 किसानों ने 43 लाख 72 हजार 614 क्विंटल धान भी बेच लिया है। आनलाइन टोकन का लाभ उठाते हुए किसानों नें आसानी से टोकन कटवाकर पूर्व में धान बेचा, लेकिन अब आनलाइन टोकन की व्यवस्था बंद हो गई है। ऐसी स्थिति में किसान समितियों में पहुंच रहे है, लेकिन वहां भी टोकन कटवाने की लंबी प्रक्रिया बताई जा रही है। दरअसल शासन प्रशासन द्वारा अब टोकन काटने के लिए भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। इसके लिए समितियों में बकायदा फार्म भी भेजा गया है। किसानों द्वारा फार्म भरने के बाद तहसीलदार और पटवारी से वेरीफिकेशन होगा। पटवारी खुद मौके पर जाकर धान का भौतिक सत्यापन भी करेंगे। इस प्रक्रिया के बाद ही अब धान बेचने के लिए किसान का टोकन कटेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में धान बेचने के लिए किसानों को परेशान होना पडेगा। जिले में धान बेचने के लिए 1 लाख 25 हजार 571 किसानों ने पंजीयन कराया है। वहीं अब तक 83 हजार 767 किसानों ने अपना धान बेचा है। हालांकि अन्य बहुत से किसानों का पहले से ही टोकन कट चुका है, लेकिन रकबा संशोधन व अन्य कारणों से बहुत से किसान धान नहीं बेच सके है। ऐसे किसानों को अब टोकन कटवाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पडेगा।



### अवैध धान को रोकने की कवायद

धान खरीदी के अंतिम दिनों में अवैध धान खपाने की शिकायतें भी आती है। यही वजह है कि इस तरह की गड़बड़ी को रोकने की मंशा से भौतिक सत्यापन की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार अवैध धान की जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है। अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। राजस्व खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है। टीम द्वारा 7 जनवरी को बलौदा क्षेत्र के डोंगरी में 526 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को धान उपार्जन केन्द्र अकलतरा में किसान के टोकन पर अन्य व्यक्तियों द्वारा खपाए जा रहे 8 क्विंटल धान की जब्ती की गई थी। वहीं ग्राम हरदी के एक दुकान से 16 क्विंटल और बम्हनीडीह में 72 क्विंटल अवेध धान जब्त किया गया था। इसके अलावा बोड़सरा उपार्जन केन्द्र में भी कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अवैध धान के प्रकरण में कार्रवाई की थी।

### होगा भौतिक सत्यापन

धान बेचने के लिए 90 फीसदी किसानों ने टोकन कटवा लिए है। अब अंतिम समय में बिचौलिएं व कोचिए समितियों में धान ना खपाने पाए, इसलिए भौतिक सत्यापन की व्यवस्था बनाई गई है।

**-अमित साहू,**
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जांजगीर

# यात्री बसों में मिली सुरक्षा मानकों की खामियां, 14 वाहनों पर कार्रवाई

## उड़नदस्ता ने विशेष अभियान चलाकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जांच करने विशेष अभियान चलाया गया। उड़नदस्ता और परिवहन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बसों की जांच की। अभियान के दौरान 14 बसों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाई गई। खामियां मिलने पर वाहनो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल किया गया।

जिले में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर यात्री वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। आकस्मिक स्थितियों विशेषकर आग लगने की स्थिति से निपटने निर्धारित सेफ्टी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा एवं परिवहन उड़नदस्ता कोरबा द्वारा संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने सड़कों से गुजरने वाले यात्री बसों में आग से बचने के उपाय के साथ ही यात्री सुरक्षा के लिए जरूरी अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया कि जांच के दौरान जिले में संचालित कुल 60 यात्री वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 14 यात्री वाहनों में फायर एक्सटिंग्विशर की वैधता एवं इमरजेंसी गेट की स्थिति सहित अन्य सेफ्टी मानकों का पालन नहीं किया जाना पाया गया। उक्त वाहनों से 9 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त यात्री वाहन संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे बसों में फायर एक्सटिंग्विशर की वैधता, इमरजेंसी गेट की सुचारु स्थिति सहित सभी आवश्यक सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे। वहीं उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर भविष्य में भी जांच और कार्रवाई की जाएगी।





बसों में सुरक्षा के उपायों की जांच करती टीम।

# 21 लाख की वसूली के बाद कर्मचारी लापता, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे नगर में सनसनी फैला दी है। एक प्रतिष्ठित व्यापारी की फर्म से जुड़ा कर्मचारी 21 लाख रुपये की भारी रकम लेकर रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। घटना के बाद से न सिर्फ व्यापारी वर्ग, बल्कि आम लोगों के बीच भी चर्चा का बाजार गर्म है।

मामला चांपा नगर के व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल की फर्म अरविंद इंडस्ट्रीज से जुड़ा है। फर्म में पिछले 3–4 वर्षों से जनरल सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हरीश देवांगन निवासी चांपा, रोज़ाना की तरह वसूली कार्य के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद से वह रहस्य बन गया। जानकारी के अनुसार 9 जनवरी की सुबह लगभग 10:30 बजे हरीश वसूली के लिए निकला था। वह आमतौर पर शाम 4 बजे तक वापस लौट आता था, लेकिन उस दिन न तो फर्म पहुंचा और न ही कोई सूचना दी। व्यापारी ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि हरीश ने सक्ती से लगभग 16 लाख रुपये, बाराद्वार (ठठारी) से लगभग 5 लाख रुपये कुल मिलाकर 21 लाख रुपये की वसूली की थी। जब देर शाम तक हरीश वापस नहीं लौटा तो फर्म संचालक द्वारा उसे फोन किया गया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद परिजनों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई, लेकिन हरीश का कोई भी सुराग नहीं लग पाया। व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल ने उसी रात चांपा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह अहम जानकारी सामने आई है कि हरीश देवांगन को आख़िरी बार घाटोली चौक के पास देखा गया था। इसके बाद वह कहां गया, किससे मिला या किस वाहन में था—इस पर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस अब मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स, सीसीटीवी फुटेज हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से चांपा नगर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। व्यापारी वर्ग में चिंता है, वहीं आम लोग इस मामले को किसी बड़ी साजिश से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### ट्रक बैटरी चोरी का खुलासा पुसि ने आरोपी को पकड़ा

**अकलतरा।** अकलतरा पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी द्वारा रात्रि के समय राइस मिल परिसर में खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी कर फरार हो जाने की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 10 सी 8466 महाराजा राइस मिल, अकलतरा में काटा के लिए खड़ा था, तभी अज्ञात चोर ने रात में ट्रक की बैटरी चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी संजीव धिरही पिता अमरनाथ धिरही, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 13, गुरु घासीदास मोहल्ला को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार की, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी की गई ट्रक बैटरी बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



भारत की No.1 सोलर पैनल निर्माता कंपनी WAAREE One with the Sun
और सबसे आधुनिक तकनीक वाले
TSUN ग्रिड-टाई माइक्रो इनवर्टर का Combo Offer

2.16kwp सौर संयंत्र क्षमता
अब ~~₹1,80,000~~ नही
सिर्फ ₹1,23,000 में
साथ में केन्द्र/राज्य सरकार की ₹92,880 की सब्सिडी भी
• कीमत इंस्टालेशन + सभी टैक्स के साथ
• सब्सिडी उपरांत लागत ₹30,120
• ₹500-1500 के मासिक बिल वालों के लिए उपयुक्त

3.24kwp सौर संयंत्र क्षमता
अब ~~₹2,00,000~~ नही
सिर्फ ₹1,65,000 में
साथ में केन्द्र/राज्य सरकार की ₹1,08,000 की सब्सिडी भी
• कीमत इंस्टालेशन + सभी टैक्स के साथ
• सब्सिडी उपरांत लागत ₹ 57,000
• ₹1500-2500 के मासिक बिल वालों के लिए उपयुक्त

माइक्रो इनवर्टर हर पैनल से अलग-अलग MPPT से अधिकतम जनरेशन तो देता ही है बल्कि हर पैनल की परफॉरमेंस ट्रैकिंग भी करता है..

सोलर पैनल में 25 साल की निर्माता की परफारमेंस वारंटी*
सोलर इनवर्टर में 12 साल की निर्माता वारंटी*



एक बार का खर्च और जिंदगी भर बिजली बिल की बचत
* नियम व शर्तें लागू
Deepak Advertisers
ऑफर केवल 26 जनवरी एवं स्टाक उपलब्ध रहने तक ही

RAIGARH: Surabhi Electricals- Kotwali Road, Raigarh. Mo. 9993568111
KHARSIA: Rani Sati Sales- Subhash Chowk, Kharsia. Mo. 7974336234
SAKTI: Nirmala Jewellers- Purenapara Road, Sakti. Mo.9098753238
SARANGARH: Bondiya Electricals- Bilaspur Road, Sarangarh. Mo. 9617688877
CHAMPA: KBR Electronics- Lions Chowk, Gaurav Path, Champa. Mo. 9826111709
Mo. 9300565162 (व्यवसायी, इंस्टालर, बल्क खरीदी हेतु)

मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस ने की प्रेसवार्ता

# महत्मा गांधी के नाम को खत्म करने की चल रही साजिश : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी राम जी किए जाने के मामले में जांजगीर में शनिवार 10 जनवरी को कांग्रेस ने प्रेसवार्ता की। पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने इस दौरान कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर चर्चा की।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा 2005 में कांग्रेस की केंद्र सरकार ने मनरेगा लाया था, तब यह महात्मा गांधी के नाम पर थी। उन्होंने योजना का नाम बदले जाने को भाजपा की साजिश बताते हुए इसे महात्मा गांधी के नाम को खत्म करने का प्रयास बताया। साथ ही कहा कि कांग्रेस गांव गांव तक जाकर भाजपा के इस कार्य का विरोध करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राम का विरोध नहीं है, योजना को बंद करने की साजिश का विरोध है। उन्होंने कहा कि योजना में कई ऐसे प्रावधान कर दिए गए हैं, जिसका गांव के गरीबों पर असर पड़ेगा और बेरोजगारी बढ़ेगी। इस मौके पर अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




पत्रकारों से चर्चा करते जयसिंह अग्रवाल तथा साथ में कांग्रेसी।

### विधायक को फंसाने का लगाया आरोप

जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बेवजह फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विधायक होने के कारण बालेश्वर साहू को पुराने मामले में फंसाया गया है। साथ ही यह भी कहा कि मामला 10 साल पुराना है, तो आखिर पहले कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने बीजेपी पर अपनी खामियों को छुपाने के लिए विधायक को जेल भिजवाने का आरोप लगाया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी बने दुष्यंत



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। ग्राम पंचायत बोईदा के सक्रिय कार्यकर्ता दुष्यंत शर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।दुष्यंत शर्मा की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष है। संगठन नेतृत्व ने उनके अब तक के कार्य, संगठनात्मक अनुभव एवं मीडिया क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।नियुक्ति के पश्चात दुष्यंत शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा किसान मोर्चा की नीतियों, योजनाओं एवं जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दुष्यंत शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा की मीडिया गतिविधियाँ और अधिक सशक्त होंगी।

### कृषकों की सुविधा हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर 31 तक

**कोरबा।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्राद्यौगिकी विभाग द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं विवरण संशोधन की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, किसानों के पंजीयन बाद विवरण संशोधन की सुविधा अब 31 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जनवरी तक अब किसान नाम, रकबा, फसल विवरण समेत अन्य त्रुटियों को तय समय-सीमा के भीतर ठीक करा सकेंगे। एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन के पश्चात विभिन्न किसानों द्वारा अपने विवरणों में संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व विभाग के अधिकारियों/ पटवारियों द्वारा किसानों के विवरण का भौतिक सत्यापन किए जाने के उपरांत विवरण संशोधन की सुविधा 31 जनवरी तक सभी समितियों में समिति लॉगिन के माध्यम से जारी रखी जाए। इससे पात्र किसानों को अपने पंजीयन में त्रुटियों के सुधार का अवसर मिलेगा और वे शासन की विभ्भिन योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग छ.ग. शासन ने इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सहकारिता विभाग सहित संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यो/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 15 जनवरी तक, संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की तिथि 5 फरवरी, शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 8 फरवरी, जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की तिथि 10 फरवरी और छात्रवृत्ति भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 जनवरी को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 4 नियोजकों - .जिफ्सा कोरबा, .आईसेक्ट कोरबा, प्रमेरिका लाईफ इंश्योरेंस लिमि0 रायपुर, फिजिक्स वालाह कोरबा के द्वारा निम्नांकित पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रिक्तियों में जिफ्सा के पद - 42 पद, आईसेक्ट- .सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह-2 सेल्स रिप्रेन्टेटिव्ह-1 वासिंग परसन - 2 महिला, मैनेजर-1 टेक्निकल (मैकेनिकल)-2, प्रमेरिका- ऑफिसर परम - 15, फिजिक्स वालाह-कैरियर काउंसलर-5, टैली कॉलर- 5, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह-4 रिक्त पदो के लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से 45 वर्ष तक एवं योग्यता- 10वी, आई.टी.आई. स्नातक बी.एस.सी. साईंस कार्यस्थल - कोरबा वेतनमान रूपये - 10 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों को रोजगार पंजीयन एवं ई.रोजगार पोर्टल में इच्छुक पदों पर ऑनलाईन अप्लाई किया जाना अनिवार्य है।

# तसर पालन ने बदल दी जिंदगी, ग्राम सलोरा के किसान बने आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्राम सलोरा निवासी 57 वर्षीय किसान भरत राम केवट तसर रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक प्रेरक और सफल नाम बन चुके हैं। कृषि प्रधान तथा सीमित संसाधनों वाले परिवार में जन्मे श्री केवट ने कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक तकनीकों के सहारे आर्थिक स्थिरता प्राप्त की। आज तसर पालन उनके पूरे परिवार की आजीविका का सशक्त माध्यम है। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटियाँ और दो बेटे शामिल हैं, जो सभी इस कार्य में सहयोग करते हैं।

श्री केवट को बचपन से ही तसर पालन का अनुभव मिलता रहा। उनके पिता प्रत्येक रविवार उन्हें जंगल ले जाकर तसर कीट पालन की बारीकियाँ सिखाते थे। उस समय परिवार के पास एक कच्चा मकान था और कृषि आय ही जीवन का प्रमुख साधन थी, लेकिन आर्थिक कठिनाइयाँ हमेशा सामने रहती थीं। वर्तमान में उनके पास 1 एकड़ भूमि है, जहाँ वे खरीफ में धान की खेती करते हैं। 1980 के दशक में उन्होंने केंद्रीय रेशम बोर्ड के रामपुर (अब चंपा) स्थित प्रशिक्षण केंद्र से तसर पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद वे निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेते रहे और रेशम बोर्ड द्वारा उपलब्ध सामग्रियों एवं बीज सहायता का लाभ उठाते रहे।

उन्होंने तसर पालन की संपूर्ण प्रक्रिया में स्वच्छता, चूना-ब्लीचिंग, नियमित निगरानी और रोगग्रस्त लार्वा के सुरक्षित निपटान जैसी वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाया। लगभग 33 वर्षों के अनुभव ने उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले तसर कोकून उत्पादन में विशिष्ट पहचान दिलाई है। बीएसएमटीसी बिलासपुर से प्राप्त 145 डीएफएल पर उन्होंने 10,000 बीज कोकून और 600 गैर-बीज कोकून का उत्कृष्ट उत्पादन किया, जो सामान्य उत्पादन दर से कहीं अधिक है। भविष्य में वे अपने परिवार के सहयोग से 500 डीएफएल पालन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। तसर पालन से उन्हें वर्ष में दो फसलें प्राप्त होती हैं, जिससे लगभग ढाई लाख रुपए की वार्षिक आय होती है। इसी आय से उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित की, बेटों और बेटियों की शादियाँ कीं, तीन पक्के मकान बनाए, साइकिलें खरीदीं, बैलों की जोड़ी और दो तालाब विकसित कर अनुबंध आधारित मछली पालन भी शुरू किया। इस प्रकार तसर पालन ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया।

### वर्ष 1980 के दशक में केंद्रीय रेशम बोर्ड से लिया था प्रशिक्षण

**खास बातें**

- 145 डीएफएल से 10 हजार बीज कोकून और 6 सौ गैर बीज कोकून का किया उत्कृष्ट उत्पादन



## कैदियों व जेल की सुरक्षा में हो रही परेशानी

# जिला जेल में लगे सौ सीसीटीवी कैमरे में से 49 कैमरे खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल की सुरक्षा के लिए जेल प्रबंधन ने जेल के अंदर बाहर चारों तरफ चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हुए हैं लेकिन लंबे समय से मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से लगभग आधे सीसीटीवी कैमरे खराब हो चुके हैं। जिससे नया रिप्लेस करने के लिए जेल प्रबंधन ने मुख्यालय को पत्र लिखा है। जेल प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही सभी कैमरे को दुरुस्त किया जाएगा।

**खास बात**

- जेल प्रबंधन ने कैमरा रिप्लेश करने के लिए मुख्यालय को लिखा पत्र



उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिला जेल में क्षमता से अधिक या फिर उसके बराबर ही बंदी रहते हैं इसलिए जेल व कैदियों की सुरक्षा जेल प्रबंधन की भूमिका होती है। जेल में पहले ही पर्याप्त बल नहीं है ऐसे में जेल की सुरक्षा के लिए जिला जेल प्रबंधन ने जेल के अंदर बाहर विभिन्न स्थानों में चप्पे चप्पे पर लगभग सौ सीसीटीवी हाईटेक कैमरा लगा रखा है लेकिन बारिश के दिनों में आकाशी बिजली गिरने या फिर अन्य तकनीकी कारणों की वजह से सौ में से लगभग 49 सीसीटीवी कैमरा खराब हो चुका है। जिसकी वजह से जेल प्रबंधन को जेल व कैदियों की सुरक्षा करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जेल प्रबंधन ने इन सभी कैदियों को दुरुस्त करने व नया रिप्लेस करने के लिए जेल मुख्यालय को पत्र लिखा है लेकिन अब तक मुख्यालय से सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध नहीं होने की वजह से लगभग 50 कैमरे के भरोसे ही जेल की सुरक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि जेलर अपने कार्यालय से ही सीसीटीवी कैमरे से जेल के अंदर बैरक सहित आउटर सभी स्थानों में बैठे-बैठे ही निगरानी बड़ी आसानी से कर लेते हैं लेकिन कई स्थानों में कैमरे खराब होने की वजह से निगरानी करने में भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जेल प्रबंधन ने पत्र लिखकर मुख्यालय से जल्द ही कमरे को दुरुस्त करने की मांग की है। हालांकि जेल प्रबंधन का कहना है कि आने वाले दिनों में मुख्यालय में जैसे ही सीसीटीवी कैमरे मिलेंगे उन्हें रिप्लेस कर दुरुस्त कर लिया जाएगा।

### रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जिला जेल कोरबा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 18 पुरुष बंदी व 4 महिला बंदियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसका विषय नशे से मुक्ति के तर्ज पर आयोजित था। उक्त रंगोलियों का निरीक्षण जिला विधिक प्राधिकरण सचिव कु डिम्पल ने किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## दादी की मौत से क्षुब्ध पोते ने चार दिन बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। दादी की मौत से क्षुब्द्ध होकर एक 17 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार और कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलसर निवासी देवनारायण की 70 वर्षीय मां रामायण बाई की 4 जनवरी को मौत हो गई थी। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था लेकिन रामायण बाई की मौत के बाद उसका 17 वर्षीय नाती गौतम पिछले कई दिनों से चुप रहता था और उसका रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। बताया जाता है कि गौतम ने गुरुवार की रात अपने घर के कमरे के म्यार में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह परिजनों को इसकी भनक लगी तो उनके होश उड़ गए और इसकी सूचना कोरबी चौकी पुलिस को दी। फांसी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### नदी में डूबने से किशोरी की मौत

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोषरा निवासी बेलसरा की 12 वर्षीय पुत्री कुमारी मीना अपनी मौसी के साथ नहाने के लिए हसदेव नदी में गई हुई थी। जहां नहाने के दौरान कुमारी मीना गहरे पानी में चली गई और उसकी डूब जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से मीना का शव हसदेव नदी से बरामद कर लिया है और मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर सड़क पर सुगम हुआ आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बुधवारी बाजार स्थित महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर तक जीर्ण हुई सड़क का पेंच रिपेयर व डामरीकरण का कार्य कर निगम द्वारा सड़क का जीर्णोद्धार किया गया है, परिणाम स्वरूप उक्त सड़क मार्ग पर वर्षा ऋतु के दौरान हुए गड्ढे व उखड़ चुकी सड़क अब पुनः दुरूस्त हो चुकी है तथा मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है।



किया जा रहा सड़क का मरम्मत कार्य।

नगर निगम द्वारा बुधवारी बाजार महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर तक की सड़क की मरम्मत व डामरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क उखड़ गई थी व सड़क पर गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण वाहन चालकों व आमनागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में उक्त सड़क का डामरीकरण, पेंच रिपेयर व जीर्णोद्धार का कार्य निगम द्वारा कराया गया है, अब शहर की उक्त महत्वपूर्ण सड़क पुनः दुरूस्त हो गई है तथा सड़क में आवागमन सुगम हो गया है। इसी प्रकार शहर की अन्य सड़कों के जीर्णोद्धार, पेंच रिपेयर व डामरीकरण आदि के कार्य निगम द्वारा क्रमशः कराए जाएंगे।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुढाली निवासी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल द्वारा ग्राम कड़ारी मे फेसबुक के माध्यम से महिला एवं बच्चों की अश्लील विडियो को सोशल मिडिया में अपलोड कर वायरल करने वरिष्ट कार्यालय के माध्यम से सायबर टीप लाईन क्रमांक 137055823 प्राप्त होने पर धारा 67 बी आई टी एक्ट 14(1) पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफूल्ल कुमार ठाकूर, एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा से आवश्यक दिशा निर्देश पर एक फरार आरोपी को उसके घर ग्राम मुढ़ाली से आरोपी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल निवासी मुढाली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा के विरूध्द कार्यवाही करते हुये 8 जनवरी को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया।

### उन्नाव रेप केस के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**कोरबा।** उन्नाव रेप केस 2017 के मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के निर्देश पर देश भर में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। इसी तारतम्य में जिला महिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी के अगुवाई में ओपन थियेटर घंटाघर के पास महिला कांग्रेस ने भाजपा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि 8 वर्ष बाद इस मामले में नया मोड़ सामने आया है पीड़िता ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी ने दुर्भावना और कपटपूर्ण तरीके से जांच किया है जिससे आरोपियों को लाभ मिल सके जो कि दुर्भाग्यजनक है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि इस मामले की मुख्य आरोपी भाजपा के पूर्व विधायक सेंगर के प्रभाव में आकर जांच अधिकारी ने जांच को कमजोर बनाया ताकि तथ्यों में हेरफेर का ओरापियों को लाभ मिल सके। जबकि पीड़िता एवं पीड़िता के परिवार कई वर्षों से इंसाफ की राह देख रहे हैं। श्रीमती द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता ने स्वयं बताया है कि अलग-अलग पक्षों से धमकियां दी जा रही है। कांग्रेस हमेशा से जनहित की लड़ाई में आगे रही है और हम आगे भी सड़क की लड़ाई लड़ेगें और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**न्यायालय विशेष विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विशेष विवाह के पक्षकार दीपक कुमार दिनकर पिता श्री भेदन सिंग, उम्र 30 वर्ष, जाति सतनामी, निवासी ग्राम व पोस्ट बंदोरा, तहसील अडभार, थाना मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं टोमेश्वरी पिता श्री दामोदर राम, उम्र 28 वर्ष, जाति तेली, निवासी ग्राम पचपेड़ी, पोस्ट रामपुर, तहसील एवं थाना भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 अध्याय-दो के अधीन विशेष विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 23/01/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

आगामी पेशी दिनांक- 23/01/2026

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला धमतरी (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू डॉ. योगेश साहू
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style

# शनाया


## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं'एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'तू या मैं'के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं'एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां'से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।




# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं


**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं'में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड'पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांतारा: चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शेख मोहम्मद उस्मान डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित



**अकलतरा।** रायपुर स्थित पारस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभागार में एक गरिमामय एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा स्थित एम.बी.आर. म्यूजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा नगर के शेख मोहम्मद उस्मान को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के स्कूल लीडरशिप एकेडमी के नोडल अधिकारी डी. दर्शन, छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रांत अध्यक्ष डॉ. उदयभान सिंह चौहान, जीएसटी विभाग से एम. राजीव, एल.एन. लाहोटी, श्रीमती पायल नागरानी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शोध एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शोधार्थियों को पीएचडी समतुल्य मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। शेख मोहम्मद उस्मान को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किए जाने पर नगरवासियों में हर्ष है।

### किसान मोर्चा के सरगुजा संभाग का सह प्रभारी बने प्रवीण



**मालखरौदा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के संभाग प्रभारी एवं सह-प्रभारी की घोषणा किया गया है। इसमें मालखरौदा ब्लॉक मुख्यालय के दिग्गज नेता प्रवीण यादव को सरगुजा संभाग का सह प्रभारी बनाया गया है। प्रवीण के सह प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

## निधन

### श्रीमती प्रमोदिनी तिवारी



**पामगढ़।** ग्राम बारगांव के प्रतिष्ठित नागरिक दिलीप तिवारी की पत्नी श्रीमती प्रमोदिनी तिवारी का 56 वर्ष की आयु में शुक्रवार 9 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति सहित एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र शिक्षक प्रवीण तिवारी ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीमती तेरस बाई साहू



**बिर्रा।** ग्राम पंचायत घिवरा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भूतपूर्व सरपंच संतराम साहू का धर्मपत्नी श्रीमती तेरस बाई साहू का शनिवार 10 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्रों से भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र रामकुमार साहू ने दी। वे लगभग 76 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### नारायण चंद्रा



**चांपा।** समीपस्थ ग्राम ठूठी निवासी तथा शासकीय उमा विद्यालय सिवनी में पदस्थ शिक्षक नारायण चंद्रा का शुक्रवार 9 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे 47 वर्ष के थे। स्व. चंद्रा अपने पीछे दो पुत्रों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे मवेशी बाजार चांपा स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित नागरिक मौजूद थे।

भाजपा मंडल जांजगीर नैला के कार्यकर्ताओं ने की शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर शनिवार 10 जनवरी को पूरे देश में भगवान शिव की आराधना श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गई। ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर जो भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है के गौरवशाली इतिहास की स्मृति में देशभर के शिवालयों में शिवलिंग पर जल अर्पण कर पूजा-अर्चना की गई। यह पर्व उस स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जब मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प और नेतृत्व में कराया गया था।

इसी तारतम्य में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने शनिवार को प्रातः वार्ड 8 स्थित शिव मंदिर में भाजपा मंडल जांजगीर नैला के पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-शांति,समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति,आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण यह संदेश देता है कि भारत की



शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भाजपा मंडल के पदाधिकारी।

सनातन परंपराएं अटूट हैं और किसी भी आक्रमण या विध्वंस से समाप्त नहीं की जा सकतीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पर्व नई पीढ़ी को अपने इतिहास,संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में इंजी रवि पांडेय, पुष्पेंद्र सिंह,मंडल महामंत्री विवेक सिंह,रामेश्वर पटेल, मोहन यादव, देवा गढ़वाल,संजीता माली,उमेश राठौर, दिनेश राठौर,आशीष साव, पिंकल माली, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, सोनू यादव, प्रेम थवाईत, मणिकांत अग्रवाल, आशीष गोयल, गोलू दुबे, श्याम यादव, हरि सोनवानी, पिंकू राठौर,गजेंद्र कर्ष,अजय कौशिक,शैल राठौर, राजेंद्र राठौर,सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल जांजगीर नैला के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे। पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पित कर भगवान शिव से देश व समाज की उन्नति की प्रार्थना की।

## भगवान शिव की पूजा कर 108 बार जाप किया ओंकार मंत्र

**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला के अंतर्गत ग्राम खपरी के प्राचीन शिव घाट मंदिर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर मुलमुला मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव का दर्शन कर धूप, दीप व पुष्प अर्पित कर ओंकार मंत्र का 108 बार जाप किया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने कहा कि जनवरी 1026 में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर पर विनाशकारी आक्रमण किया था, जहां हजारों हिंदू भक्तों ने मंदिर की रक्षा के लिए वीरता दिखाई। कई दिनों तक चले संघर्ष में मंदिर को भारी क्षति पहुंची और भक्तों ने अपनी प्राणों की आहुति दी। आज उन्हीं हजारों हिन्दू भक्त को याद करते हुए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष उद्यालिक राम साहू, मण्डल महामंत्री कौशल जोशी, सरपंच ग्राम पंचायत चोरभट्ठी नेतराम कश्यप, उपसरपंच प्रमोद चौहान, मण्डल मंत्री प्रहलाद साहू, जोहन कश्यप, दिलीप कश्यप, सनत कश्यप, राजकुमार वैष्णव, खिलकमल कश्यप, अशोक यादव, भुवनेश्वर जोशी, सुखीराम पटेल, रवि पटेल, सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## नशे के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण, रैली निकालकर चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेल्हाडीह-जेठा

ग्राम पंचायत बेल्हाडीह एवं आश्रित ग्राम रानी गांव द्वारा नशे के दुष्प्रभावों से समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत ग्राम में रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा नहीं करने, नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस जागरूकता रैली में बाराद्वार थाना प्रभारी जितेंद्र यादव विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्याएं एवं पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। रैली के माध्यम से शराब, गांजा, तंबाकू सहित सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। ग्राम पंचायत की सरपंच शारदा राजेश भारद्वाज ने कहा कि नशा परिवार, समाज और भविष्य तीनों को बर्बाद करता है। पंचायत का संकल्प है कि ग्राम बेल्हाडीह को नशामुक्त गांव बनाया जाए। इसके लिए जनजागरूकता के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता बेहद जरूरी है। वहीं थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है और युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाता है। पुलिस प्रशासन नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रहा है, लेकिन समाज का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। अभियान के दौरान नशामुक्ति से जुड़े बैनर-पोस्टर के माध्यम से संदेश दिए गए और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

■ शराब, गांजा, तंबाकू सहित सभी प्रकार के नशे से दूर रहने किया गया आह्वान

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने संपूर्णानंद मिश्रा



**हसौद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता संपूर्णानंद मिश्रा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संपूर्णानंद मिश्रा से जिले व क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर मिठाई खिलाकर और फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि हसौद क्षेत्र के गुंजीयाबोड़ निवासी संपूर्णानंद मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं। वे लंबे समय से संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ किसानों एवं आमजन से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। जनहित के कार्यों में उनकी निरंतर सक्रियता और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संपूर्णानंद मिश्रा की नियुक्ति से किसान मोर्चा को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपनी नियुक्ति पर संपूर्णानंद मिश्रा ने किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

## साहित्यकार ईश्वरी यादव की पुस्तक स्तोत्रावली का विमोचन आज

**जांजगीर-चांपा।** अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव की पुस्तक स्तोत्रावली का विमोचन रविवार 11 जनवरी को सायंकाल 4 बजे से नरेंद्र श्रीवास्तव सभागार, शील साहित्य परिषद जांजगीर में स्वामी अग्निशिखा महाराज के मुख्य आतिथ्य, बलदाऊ प्रसाद पाण्डेय पूर्व प्राचार्य जांजगीर एवं महेश कुमार शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर के विशिष्ट आतिथ्य तथा विजय कुमार दुबे अध्यक्ष शील साहित्य परिषद की अध्यक्षता में आयोजित है। पुस्तक स्तोत्रावली में 26 हिन्दू देवी - देवताओं के स्तोत्र भिन्न -भिन्न छंदों में संकलित किए गए हैं। संस्कृत में सर्वाधिक प्रचलित छंदों में लिखे गए इन स्तोत्रों को गेय, वाचनीय व ग्रहणीय बनाने का प्रयास किया गया है। शील साहित्य परिषद जांजगीर के सचिव विजय राठौर ने साहित्य प्रेमी एवं आम जनता से पुस्तक - विमोचन समारोह में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## महान व्यक्ति की तरह कार्य करते हुए आगे बढ़ना अच्छे नागरिक का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत वर्ष के अवसर पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तारतम्य में संस्कार भारती सक्ती जिला इकाई के द्वारा भारतीय संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष निमित्त नागरिक कर्तव्य सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 10 जनवरी को दोपहर 1 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हुआ।

■ अमृत महोत्सव वर्ष निमित्त नागरिक कर्तव्य सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता लक्ष्मी बंजारे और अधिवक्ता जगदीश बंजारे उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता के आर कश्यप जिला अध्यक्ष संस्कार भारती जिला सक्ती ने किया। इस



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिराम जयसवाल जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा, दिनेश चंद्रा संचालक देव पब्लिक स्कूल बिर्रा, भागीरथी देवांगन समाजसेवक, श्रीमती सुप्रिया शुक्ला प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा, देव प्रसाद तिवारी व्यवस्थापक, लखन लाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा आदि उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता लक्ष्मी बंजारे अधिवक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी को हमारे देश भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर साहब भीमराव अंबेडकर के कार्य महानता के अनुरूप आप सभी को कार्य करना चाहिए। किसी महान व्यक्ति की तरह कार्य करते हुए आगे बढ़ना ही अच्छे नागरिक का कर्तव्य है। हमें अपने आसपास साफ सफाई रखना ही नागरिक कर्तव्य है। इसके साथ ही अपने पड़ोसियों से अच्छे व्यवहार बनाकर चलना भी नागरिक कर्तव्य के दायरा में आता है। जगदीश बंजारे ने कहा कि नागरिक कर्तव्य हमें दिनचर्या के मौलिक कर्तव्यों का पालन करने का शिक्षा देता है। नागरिक कर्तव्य समाज में सकारात्मक सोच रखते हुए समाज को नई दिशा की ओर ले जाने का काम करता है। हरिराम जयसवाल ने अपने उद्बोधन ने कहा कि संस्कार भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा के रूप में बहुत अच्छे ढंग से समाज हित एवं राज्य हित और देश हित में कार्य कर रही है। हम सभी को एक अच्छे नागरिक कर्तव्य करते हुए हमारे भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना ही नागरिक'कर्तव्य है। कार्यक्रम को दिनेश कुमार चंद्रा, भागीरथी देवांगन, श्रवण कश्यप, के आर कश्यप ने भी संबोधित किए। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी एवं अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती सुप्रिया शुक्ला ने किया। इस अवसर पर लखन लाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा, मनीष वैष्णव, बुद्धेश्वर कश्यप, कमलेश गुप्ता, श्रीमती पुष्पा पटेल अधीक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा, डी एन देवांगन और प्रवीण तिवारी के अलावा छात्र-छात्राएं और आचार्य गण उपस्थित थे।

## रामानंदाचार्य ने राम भक्ति का आम जनमानस में किया प्रचार-प्रसार : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

धर्म एवं आध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण मठ में माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी शनिवार 10 जनवरी को जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की 727 वीं जयंती श्रद्धा -भक्ति पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त

■ शिवरीनारायण मठ में मनाई गई जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज की जयंती

रामसुन्दर दास महाराज ने संत महात्माओं के साथ विशेष पूजा अर्चना की।

अयोध्या, बनारस, नेपाल सहित देश के अनेक स्थानों से आए हुए महात्माओं को शाल श्रीफल भेंट करके सम्मानित किया, उन्हें विदाग्री दी गई। अपने संदेश में राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि पूर्व मध्यकालीन भारत के इतिहास में जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य महाराज ने समाज सुधार



महामंडलेश्वर राजेश्री महंत के साथ पूजा-अर्चना करते साधु महत्मा।

आंदोलन की नींव रखी, उन्होंने राम भक्ति का आम जनमानस में प्रचार प्रसार किया। लोगों को दूसरे धर्म में प्रवेश होने से बचाया साथ ही उनके लिए आत्मोसर्ग का मार्ग प्रशस्त किया। संत रैदास जी, कबीरजी, नामदेव, गुरु नानक जैसे विश्व प्रसिद्ध शिष्यों ने उनके बताए हुए मार्गों का अनुसरण किया और भारत के कोने-कोने में सनातन धर्म की ध्वज वाहक बनकर धर्म की रक्षा की। श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में श्री स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की जयंती प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम के साथ श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाई जाती है। इस अवसर पर त्यागी जी महाराज, नारायण दास बनारस, अवधेश दास अयोध्या ,कमल दास महाराज अयोध्या, हरेराम दास महाराज काशी, गुलाब दास जी महाराज नेपाल, शिव शंकर दास बनारस तथा मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

## बिना शुल्क के दिया मांगलिक भवन, सभापति ने उठाई आपत्ति

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत 73 लाख 40 हजार रुपए की राशि से निर्मित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में बिना शुल्क लिए कार्यक्रम के लिए भवन देने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत के सभापति ने इस मामले में आपत्ति दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बीते शुक्रवार को मांगलिक भवन में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम लेकर नपं राहौद के राजस्व विभाग के सभापति अमित कुमार अनंत ने नपं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भगवती ध्रुव व लेखापाल अर्जुन दास मानिकपुरी से भवन में आयोजित कार्यक्रम की अनुमति के संबंध जानकारी मांगी तो सीएमओ और कैशियर ने साफ तौर पर



कार्यक्रम की जानकारी नहीं होने की बात कही। गौरतलब है कि इतनी बड़ी राशि से निर्मित भवन में जिम्मेदार अधिकारियों के बिना अनुमति के बड़े से बड़े कार्यक्रम आखिर किसके मौखिक आदेश पर आयोजित हो रही है। वहीं नगर पंचायत परिषद द्वारा मांगलिक कार्य व अन्य आयोजन के लिए नगरवासियों से भवन के उपयोग करने पर प्रतिदिन 2500 रुपये की राशि तय की गई है। इस संबंध में नगर पंचायत राहौद के राजस्व विभाग के सभापति अमित कुमार अनंत का कहना है कि अंबेडकर भवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के संबंध में सीएमओ व न.प. कैशियर से फोन के माध्यम से संपर्क करने पर उन्होंने कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। बिना रशीद शुल्क के अधिकारी और कर्मचारी द्वारा भवन दिए जाने से राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि परिषद् द्वारा मांगलिक भवन का किराया प्रतिदिन 2500 शुल्क रखा गया है।

### लेंगे शुल्क

मुझे शाम 7 बजे कार्यक्रम होने की जानकारी कैशियर के माध्यम से मिली। कार्यक्रम करवाने वाले से 2500 रूपये की राशि वसूल की जाएगी।

-भगवती प्रसाद ध्रुव,
सीएमओ
नगर पंचायत राहौद

## छत्तीसगढ़ की सीनियर नेटबॉल टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

43वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ की सीनियर पुरुष व महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। इसमें प्रदेश भर से 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह चैंपियनशिप 11 से 14 जनवरी तक गचीबोली, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित होगी।

नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने बताया कि चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रदर्शन-आधारित रही। इसके पहले 15वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ स्कूल में किया गया था, जिसमें पुरुष वर्ग की 16 और महिला वर्ग की 12 टीमों ने भाग लिया। राज्य



पुलिस अधीक्षक के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

स्तरीय प्रतियोगिता के बाद चयन समिति ने कैंप के लिए 15 पुरुष और 16 महिला खिलाड़ियों का चयन किया। इन खिलाड़ियों का चयन शिविर 21 दिसंबर से 7 जनवरी तक जांजगीर के खोखरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। 8 जनवरी को अंतिम चयन ट्रायल हुआ, जिसमें खिलाड़ियों की खेल क्षमता के साथ-साथ फिटनेस टेस्ट, यो-यो टेस्ट, 1500 मीटर और 40 मीटर दौड़ के आधार पर अंतिम 12-12 खिलाड़ियों की टीम तय की गई। 9 जनवरी की सुबह पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदत्त ट्रैकसूट महिला एवं पुरुष टीम को वितरित किए। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पांडे, नेटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश पांडे, आलोक शुक्ला, एस.एस. बघेल, अशोक राठौर, प्रतीक यादव व राजेश राठौर उपस्थित रहे।







